# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07 जुलाई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- हाथरस भगदड़ मामले में चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया मुख्य आरोपी। न्यायिक जांच आयोग ने किया घटना स्थल का मुआयना।
- गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय का लोकार्पण। कहा–शिक्षा सर्वांगीण विकास की आधारशिला।
- प्रदेश के साथ आसपास के चार राज्य भी करेंगे कांवड़ यात्रा की निगरानी। यात्रा को लेकर मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने की बैठक।
- प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी। कई जिलों के लिये मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

**********

हाथरस भगदड़ के मामले में दिल्ली से गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी, एक लाख के इनामी देवप्रकाश मधुकर को कोर्ट ने कल चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी के अलावा दो अन्य सेवादारों को भी हाथरस से गिरफ्तार किया है। मामले में छः आरोपी पहले ही गिरफ्तार किये जा चुके हैं। भगदड़ में एक सौ इक्कीस लोगों की मौत के मामले में गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर से पूछताछ के बाद हाथरस के एसपी निपुण अग्रवाल ने बताया कि देव प्रकाश मधुकर कार्यक्रम का मुख्य आयोजक था। पूछताछ में पता चला है कि कुछ समय पूर्व कुछ राजनीतिक दलों द्वारा इनसे संपर्क किया गया था। साथ ही, इतने बड़े कार्यक्रम के लिये धनराशि इकट्ठा करने के संबंध में गहनता से जांच की जा रही है। इस बीच, हाथरस मामले की जांच के लिए गठित न्यायिक जांच आयोग की टीम ने भी कल हाथरस पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। न्यायिक जांच आयोग की टीम में इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव, पूर्व आईएएस हेमंत राव और पूर्व आईपीएस भवेश कुमार सिंह शामिल हैं। आयोग ने पुलिस लाइन में अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद घटनास्थल का मुआयना भी किया। आयोग दो महीने में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर देगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर के सहजनवा क्षेत्र में राजकीय पॉलिटेक्निक के भवनों और जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय का लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई पर किया जाने वाला खर्च समाज और देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में अत्यंत उपयोगी होता है।

***मेरा यह मानना है कि बच्चों पर किया जाने वाला जो भी खर्च है यह देश के भविश्य को उज्ज्वल बनाने के लिये अत्यन्त उपयोगी है, क्योंकि शिक्षा, किसी भी समाज के सर्वांगीण विकास की सबसे प्रमुख आधारशिला है और शिक्षा के लिये अगर सरकार के स्तर पर पहल होती है तो वह अच्छे परिणाम देता है और आज समाज कल्याण विभाग ने यह प्रक्रिया एक नई सौगात गोरखपुर को इस रूप में प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश के अलग–अलग स्थानों पर भी इस प्रकार के बालक या बालिकाओं के आश्रम पद्धति के विद्यालय बन रहे हैं या बन चुके हैं।***

गोरखपुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने राप्ती नदी के मलौनी–लहसड़ी तटबंध पर हुए बाढ़ बचाव के कार्यों का जायजा लिया। यहां उन्होंने लोगों से संवाद करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार की कार्ययोजना से प्रदेश में सभी तटबंध सुरक्षित हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ बचाव के कार्यों को लेकर सरकार ने पन्द्रह जून तक की समय सीमा तय की थी और अधिकांश कार्य इस समय सीमा के भीतर हो जाने से उसका लाभ बड़े पैमाने पर लोगों को मिलेगा। सीएम योगी ने टीपी नगर फ्लाइओवर और सिक्स लेन मार्ग के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया और काम में तेजी लाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सड़क के किनारे बन रहे नालों की ऊंचाई पर विशेष ध्यान दें ताकि सड़क और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की समस्या न होने पाये।

**********

अट्ठारहवीं लोकसभा के गठन के बाद संसद के दूसरे सत्र की शुरूआत बाइस जुलाई को होगी। यह सत्र बारह अगस्त तक चलेगा और इस दौरान तेइस जुलाई को बजट भी पेश किया जायेगा। यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा, जिसे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सदन में प्रस्तुत करेंगी। केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिये बताया कि राष्ट्रपति ने संसद के बजट सत्र को मंजूरी दे दी है।

**********

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की तरफ से केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा, सीटेट आज प्रदेश के कई जनपदों में बनाये गये परीक्षा केन्द्रों पर होगी। यह परीक्षा सुबह साढ़े नौ से बारह बजे तक तथा दोपहर बाद दो बजे से साढ़े चार बजे तक दो पालियों में आयोजित की जायेगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये सभी परीक्षा केन्द्रों पर व्यापक प्रबंध किये गये हैं। गोरखपुर में केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा तिरासी केन्द्रों पर होगी।

**********

स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि नीट यूजी काउंसलिंग स्थगित किये जाने का समाचार गलत है। मंत्रालय ने कहा है कि काउंसलिंग की तारीख अभी अधिसूचित नहीं हुई है। नीट यूजी काउंसलिंग स्थगित किये जाने के संबंध में मीडिया की खबरों के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह स्पष्टीकरण दिया है। सुप्रीम कोर्ट कल नीट–यूजी की परीक्षा में अनिमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिकाओं और नये सिरे से परीक्षा आयोजित करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा।

**********

कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये इस बार प्रदेश के साथ ही आसपास के चार राज्य उत्तराखण्ड, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान मिलकर निगरानी करेंगे। यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार कल मेरठ पहुंचे। वहां उन्होंने आसपास के चार राज्यों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि इस बार की कांवड़ यात्रा देश भक्ति पर केन्द्रित होगी। कांवड़ियों के हाथ में तिरंगा झंडा भी नजर आयेगा। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि हमेशा की तरह इस बार भी हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया जायेगा, साथ ही उनकी सम्पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जायेगी। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यात्रा की तैयारियों में कमी को जल्द से जल्द दूर कर लिया जाए। उन मुद्दों पर काम किया जाय जिनके चलते पहले हादसें हो चुके हैं। मुख्य सचिव ने बताया कि कांवड़ यात्रा की हेलीकॉप्टर और ड्रोन से निगरानी की जायेगी। साथ ही, प्रदेश और उत्तराखण्ड में कुल मिलाकर आठ संयुक्त कंट्रोल रूम बनाये जा रहे हैं। तैयारी बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं को निर्देशित किया कि सभी कांवड़ मार्गों की मरम्मत पन्द्रह जुलाई तक पूरी कर ली जाए।

**********

मौसम साफ न होने के कारण मोहर्रम का चांद कल नही देखा जा सका। ऐसे में उलेमा ने ऐलान किया है कि कल आठ जुलाई से मोहर्रम का शुरूआत होगी। इसकी दसवीं तारीख सत्रह जुलाई को पड़ेगी। उल्लेखनीय है कि मोहर्रम इस्लामिक कैलेंडर यानी हिजरी वर्ष का पहला महीना होता है।

**********

प्रदेश में परिषदीय स्कूलों के शिक्षक कल से टैबलेट पर चेहरा दिखाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। फेस रिकग्निशन सिस्टम की मदद से उन्हें विद्यालय खुलने और बन्द होने, दोनों समय उपस्थिति दर्ज करानी होगी। बेसिक शिक्षा निदेशालय की तरफ से इस सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिया गया है।

**********

पिछले तीन दिनों से प्रदेश में मध्यम से तेज बारिश का सिलसिला रूक–रूक कर जारी है। इस बीच, मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए प्रदेश के अलग–अलग स्थानों पर गरज के साथ तेज बारिश और कुछ जगहों पर बिजली गिरने की आशंका व्यक्त की है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि बहराइच और लखीमपुर में भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा बाराबंकी, सीतापुर, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, बलरामपुर, गोण्डा और बाराबंकी समेत अन्य जनपदों में रूक–रूक बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। उधर, पीलीभीत में बारिश और उत्तराखंड के बनबसा बैराज से एक लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से शारदा नदी उफान पर है। प्रदेश से सटे पड़ोसी देश नेपाल में भी भारी बारिश होने के चलते सीमावर्ती जिलों में बाढ़ बचाव की तैयारियों को लेकर प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है। प्रदेश के राहत आयुक्त नवीन कुमार के मुताबिक बाढ़ के लिहाज से सभी संवेदनशील नदियों के तटों पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी के जवानों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि कुशीनगर में बड़ी गण्डक नदी में वाल्मीकिनगर बैराज द्वारा तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की आशंका पर खड्डा तहसील के बाढ़ प्रभावित गावों में प्रचार–प्रसार कराया जा रहा है।

**********

उत्तराखंड के नौ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी के चलते वहां की सरकार ने आज चारधाम यात्रा को स्थगित कर दिया है। सभी श्रद्धालुओं और पर्यटकों से ऋषिकेश से आगे की यात्रा प्रारम्भ न करने की अपील की गयी है।

**********